NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# उन्नाव में नकली कीटनाशक और उर्वरक फैक्ट्री का भंडाफोड़, संचालक हिरासत में




**मनीष सिंह, उन्नाव:** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में कृषि विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अकरमपुर मगरवारा क्षेत्र में नकली कीटनाशक और उर्वरक बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। जिला कृषि अधिकारी शशांक के नेतृत्व में की गई छापेमारी में गोदाम से भारी मात्रा में नकली कीटनाशक और उर्वरक बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल बरामद किया गया।

गोदाम से बरामद सामग्री

कृषि विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि अकरमपुर मगरवारा में एक गोदाम में अवैध रूप से नकली कीटनाशक और उर्वरक तैयार किए जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान गोदाम से कच्चे माल की बोरियां, पैकिंग मशीन, पैकिंग के लिए गत्ते, मिक्सिंग मशीन, बोरियों की सिलाई के लिए मशीन और धागा, साथ ही खाद पैक करने के पैकेट बरामद किए गए।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/unnao/fake-pesticide-and-fertilizer-factory-busted-in-unnao-operator-arrested/articleshow/122780155.cms